Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:17 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 19 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 2 जुलाई 2024

जूही ने बताया शाहरुख खान ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बीमारी के आधार पर सुगम में तबादला पाने वाले शिक्षकों की होगी जांच



**देहरादून।** शिक्षा विभाग में गंभीर बीमारी के आधार पर पिछले साल सुगम में तबादला पाने वाले शिक्षकों की जांच की जाएगी। विभाग ने वर्ष 2023 में इस तरह के 111 शिक्षकों के सुगम में तबादले किए थे। इसमें 58 प्रवक्ता और 53 सहायक अध्यापक शामिल हैं। शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी के मुताबिक परीक्षण के बाद बहुत गंभीर बीमार शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी। शिक्षा विभाग में तबादलों की प्रक्रिया के दौरान कई शिक्षक गंभीर बीमार हो जाते हैं। दरअसल इसमें से कुछ शिक्षक तबादलों में छूट के लिए खुद को गंभीर बीमार होना बताते हैं। पिछले साल कई शिक्षकों ने बीमारी के आधार पर सुगम में तबादला पाया था।

### राज्यसभा में खरगे को धनखड़ ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हो गई। इस दौरान सभापति ने खरगे के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने कुर्सी का जितना अपमान किया है, उतना किसी ने नहीं किया। धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। उन्होंने मणिपुर, काले धन और लद्दाख के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार ने बीते 10 वर्षों में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। प्रमोद तिवारी जब ये कह रहे थे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बीच में कुछ कहना शुरू कर दिया, जिस पर सभापति ने कड़ी आपत्ति ली।

## नाबालिग जोड़े में सिर्फ लड़कों की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

डेटिंग के दौरान पकड़े जाने वाले नाबालिग प्रेमी युगल में से सिर्फ लड़के को ही गिरफ्तार करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। डेटिंग के दौरान पकड़े जाने वाले नाबालिग प्रेमी युगल में से सिर्फ लड़के को ही गिरफ्तार करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि हल्द्वानी जेल में ऐसे आरोपों से संबंधित किशोर बंद हैं। हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से इस बाबत जवाब-तलब किया है।



मुख्य न्यायाधीश रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। अधिवक्ता मनीषा भंडारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि नाबालिग लड़के-लड़कियों की डेटिंग के मामले में हमेशा दोषी लड़कों को माना जाता है। याचिकाकर्ता का कहना था कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत ऐसे मामले में लड़के, लड़कियों व परिजनों की काउंसलिंग की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया कि कानून के मुताबिक 16 से 18 साल के बच्चों को दंड देने के बजाय उनकी मानसिक स्थिति को जानने के लिए बोर्ड का गठन करने का प्रावधान है। इसके विपरीत पॉक्सो एक्ट की कुछ धाराओं में उसे जेल भेज दिया जाता है। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस पर विचार किया जाना आवश्यक है। नाबालिगों को सीधे जेल न भेजकर, उनकी काउंसिलिंग कराई जानी चाहिए।

### लड़की बड़ी फिर भी लड़का ही हिरासत में

कुछ मामलों में लड़की बड़ी होती है तब भी लड़के को ही कस्टडी में लिया जाता है और उसे क्रिमिनल बनाकर जेल में डाल दिया जाता है, जबकि उसे गिरफ्तार किए जाने के बजाय उसकी काउंसिलिंग होनी चाहिए। ऐसे में जिस उम्र में उसे स्कूल-कॉलेज होना चाहिए, वह जेल में होता है।

भाषण के हटाए गए अंश पर राहुल

## पीएम की दुनिया में सच्चाई मिटा सकते हैं, हकीकत में नहीं: राहुल

**नई दिल्ली**
एजेंसी

18वीं लोकसभा के गठन के बाद मंगलवार को संसद भवन परिसर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की जगह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में मोदी के पहुंचते ही सभी सांसदों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन तथा स्वागत किया। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

अपने भाषण के हटाए गए अंशों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है लेकिन हकीकत में सच्चाई को मिटाया नहीं जा सकता है। जो मैंने कहा और जो मुझे कहना था मैंने कह दिया, वह सच्चाई है, अब उन्हें जो मिटाना है मिटाएं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर



शिवसेना(यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, राहुल गांधी ने सभी हिंदू समाज के बारे में कोई भी गलत वक्तव्य नहीं किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कल सदन में दिए गए भाषण के कई अंश हटा दिए गए हैं। हटाए गए अंशों में हिंदुओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-भाजपा-आरएसएस सहित अन्य पर उनकी टिप्पणियां शामिल हैं। संसद परिसर में एनडीए संसदीय दल की बैठक के लिए एनडीए नेता गिरिराज सिंह, मिलिंद देवड़ा, कंगना रनौत और जयंत चौधरी पहुंचे।

### एनडीए की बैठक खत्म

एनडीए संसदीय दल की बैठक खत्म हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राजग संसदीय दल की बैठक में घटक दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने राजग सांसदों से संसदीय नियमों का पालन करने और अपने मुद्दे प्रभावी ढंग से उठाने को कहा।

## पुलभट्टा थाने में तैनात दरोगा की करंट लगने से मौत, महकमे में शोक

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जनपद के थाना पुलभट्टा में तैनात एएसआई करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस कर्मी की मौत की खबर से महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही।

पुलिस के मुताबिक थाना पुलभट्टा मे तैनात अपर पुलिस निरीक्षक सुरेश पसबोला जो थाना परिसर की बैरक में रहते थे। मंगलवार सुबह लगभग 8.15 बजे रोजाना की तरह नहाने को टंकी पर गया था।

पुलिस के मुताबिक वह कपड़े और जूते धोने के सुखाने को दीवार पर रख रहे थे। इसी दौरान उसी दीवार से सटे हुए लोहे का सोलर लाईट पोल लगा हुआ है। विद्युत करंट फैल गया था और पसबोला के पोल में फैले करन्ट की चपेट मे आ जाने से झुलस गए और गिर गये। वहां मौजूद हेड कांस्टेबल अशरफ खान व चारू पन्त ने उन्हें उठाने की कोशिश की गयी तो उन्हे भी करन्ट महसूश हुआ। मौके पर और भी पुलिस कर्मी पहुंचे। पुलिस कर्मी को थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मी सरकारी अस्पताल किच्छा ले गए। बाद में एम्बुलेन्स से रुद्रपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



मृतक की फाइल फोटो

थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि मृतक सुरेश पसबोला पुत्र स्व पृथ्वीधर पसबोला निवासी नैणी थाना पट्टी लंगूर पोसट बडके जिला पौडी का निवासी था। उम्र करीब 42 वर्ष है और दिनांक 20-04-2002 को भर्ती हुए थे। बताया कि परिवार को सूचना दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## नदी किनारे बसे सैकड़ों लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

मंगलवार को पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में कल्याणी और बैगुल नदी किनारे बसे सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम उदयराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ठुकराल ने डीएम को बताया कि 1984 को तत्कालीन एसडीएम ने रविंद्र नगर और खेड़ा बस्ती के सैकड़ों लोगों को कल्याणी नदी के किनारे बसाया था। उस वक्त कल्याणी नदी के किनारे कोई भी अतिक्रमण की जगह नहीं थी। विगत दिनों जिला प्रशासन ने कल्याणी नदी के मध्य से 120 मीटर का दायरा बनाते हुए लोगों को अतिक्रमणकारी घोषित कर दिया और नोटिस देकर खाली करने की...

...शेष पेज 2 पर



## शहरी निकायों में लागू होगी प्रमाण पत्रों की डोर स्टेप डिलीवरी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री धामी ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं गुड गवर्नेंस की बैठक में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन सुविधा के साथ डाटा सिक्योरिटी का भी विशेष ध्यान रखने को कहा।

राजधानी में प्रमाण पत्रों की डोर स्टेप डिलीवरी का पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद अब प्रदेश के भी शहरी निकायों में ये सुविधा शुरू होगी। सोमवार को सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी एवं गुड गवर्नेंस की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

सीएम धामी ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें की उनकी विभागीय वेबसाइट अपडेट हो। बैठक में जानकारी दी गई कि अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से 886 सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से दी जा रही है। ऑनलाइन माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं में प्राप्त आवेदनों पर समयबद्धता के साथ 93 प्रतिशत निस्तारण किया जा रहा है।





मुख्यमंत्री ने इसे शत प्रतिशत करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की भावना को साकार करने के लिए अधिकांश जन सुविधाएं लोगों को उनके घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देहरादून में विभिन्न प्रमाण पत्र लोगों के घरों तक उपलब्ध कराए जाने के लिए चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट के तहत डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम के सफल प्रयोग के बाद इसे प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों तक ले जाने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही डाटा सिक्योरिटी का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली धनराशि का वितरण डीबीटी के माध्यम से हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम गतिशक्ति उत्तराखंड के तहत योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन हो, इसके लिए संबंधित प्रस्तावों पर निर्धारित बिंदुओं के अनुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत 89 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड प्रक्रिया के तहत सभी विभाग एक माह के अन्दर की-परर्फामेंस इंडिकेटर (केपीआई) बनाना सुनिश्चत करें।

# छह जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट, पांच जिलों में स्कूल बंद

देहरादून/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

देश में मानसून दस्तक दे चुका है। इस बीच तमाम हिस्सों में बारिश होने से भीषण गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। दिल्ली-एनसीआर में भी इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने आज मंगलवार दो जुलाई के लिए भी तमाम राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने कुछ राज्यों के लिए बारिश का रेड अलर्ट और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आइए जानते हैं अगले दो दिन मौसम का कैसा रुख रहने वाला है। मौसम विभाग ने हिदायत दी है कि भूस्खलन की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने नैनीताल, बागेश्वर, चम्पावत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है रेड अलर्ट वाले इलाकों में तेज गर्जन के साथ कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है।

हिदायत देते हुए कहा, भूस्खलन की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। साथ ही चारधाम यात्रा कर रहे तीर्थयात्रियों को विशेष हिदायत देते हुए कहा कि यात्रा करते हुए खड़ी ढलानों पर नजर रखें। इसके अलावा नदी-नालों व निचले इलाकों व बस्तियों में रहने वाले लोगों को भी अधिक सतर्क रहने की सलाह दी गई है।





## नैनीताल समेत पांच जिलों में स्कूल रहेंगे बंद

भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए नैनीताल, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों में पहली से 12वीं तक के स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को अवकाश घोषित किया गया है। बागेश्वर की डीएम अनुराधा पाल, चंपावत डीएम नवनीत पांडे और नैनीताल डीएम वंदना ने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने जिले में कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी, कुछ जगहों में भारी और कहीं-कहीं गर्जन के साथ बिजली चमकने और बारिश के अति तीव्र दौर की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट घोषित किया है। इसे देखते हुए सभी शासकीय, अशासकीय, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्र में अवकाश घोषित किया गया है। निर्देश की अवहेलना पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मलबे से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे फाटा के पास बंद

पहाड़ी से मलबा गिरने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे फाटा में डोलिया मंदिर के समीप बंद हो गया। चमोली के थराली देवाल में रविवार रात्रि से हो रही बारिश पिंडर घाटी के ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई। स्कूल खुलने के पहले दिन ही बच्चों के साथ ही शिक्षकों को भी दिक्कते उठानी पड़ी। थराली तहसील मुख्यालय के पास सड़क पर आए मलबे के कारण यहां वाहन फंस गए। लोनिवि ने सड़क पर मलबा हटाने का काम शुरू किया। जबकि थराली में रविवार की रात को हुई भारी बारिश से कई सडके बंद। ब्लॉक मुख्यालय, इंटर कॉलेज, और डूंगरी को जाने वाली सड़क सिपाही गदेरे में मलबा आने से बंद है। थराली में कल रात से बिजली भी गुल रही।



## डेएनयूएलएम योजना के तहत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल अंतर्गत संचालित डेएनयूएलएम योजना के तहत छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को विधिवत समापन किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 32 महिलाओं को प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि बैंक आफ बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार यर्सो द्वारा महिलाओं को रोजगार परक कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की व ट्रेनिंग के बारे में फ ीड बैक लिया गया। निदेशक यर्सो द्वारा महिलाओं को अवगत कराया गया कि वन नेशन- वन डिस्ट्रिक उत्पाद के तहत नैनीताल जिले को ऐपण व मोमबत्ती के उत्पादन के लिए चुना गया है अतः महिलाएं योजना का लाभ लेकर आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य करें। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी पूजा द्वारा महिलाओं को रोजगार हेतु हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। बैठक में बॉब स्वरोजगार विकास संस्थान से हेम कृष्णा,प्रकाश, मुख्य प्रशिक्षक रितिका भट्ट एवम नगर पालिका से चंदन भंडारी,जितेंद्र राणा,सोनू तिवारी तथा सीमा कुंवर उपस्थित थे।

## प्रगति समीक्षा: राजकीय ओद्यौगित प्रशिक्षण संस्थान पाइन्स का निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

अपर सचिव समाज कल्याण उत्तराखण्ड शासन ओंकार सिंह ने राजकीय ओद्यौगित प्रशिक्षण संस्थान पाइन्स का निरीक्षण किया साथ ही समाज कल्याण विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत कर संस्थान की कमियों व खूबियों के विषय में पूछा।

निरीक्षण के दौरान अपर सचिव ने निर्देश दिये कि भारत सरकार की ओर से बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजनान्तर्गत पाइन्स नैनीताल के लिए 100 छात्रों का छात्रावास स्वीकृत हुआ है। शासन की ओर से मण्डी को कार्यदायी संस्था बनाया है। उन्होंने अब तक कार्य शुरू न होने पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने मण्डी के अभियन्ता को कॉल कर निर्देश दिये कि शीघ्र स्थान का चयन कर निर्माण कार्य शुरू करें। साथ ही निर्देश दिये कि संस्थान में नये ट्रेड सोलर लाइट प्रशिक्षण दिये जाने का प्रस्ताव शीघ्र निदेशक के माध्यम से शासन को प्राप्त कराया जाये।

जिसके बाद उन्होंने समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि समस्त पेशनरों को प्रत्येक माह की 01 से 05 तारिख तक पेंशन धनराशि बैंक खाते में प्रेषित कर दी जाती है। चल वित्तीय वर्ष 2024-25 में पेंशन का बजट विलम्ब से प्राप्त होने के कारण माह अप्रैल्ए मई एवं जून की पेंशन दो जुलाई को प्रेषित कर दी जाएगी। बताया कि विगत वर्ष अनुसूचित जाति परिवारों की पुत्री की शादी अनुदान मद में 149 लाभार्थीयों का बजट माह मार्च 2024 में विलम्ब से प्राप्त होने पर बजट समर्पित किया गया। 149 लाभार्थीयों के लिए 74.50 लाख चल वित्तीय वर्ष में मॉग पत्र निदेशालय प्रेषित किया जा चुका है।

## NEWS / फटाफट

### आपदा प्रबंधन व संचार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला

**नैनीताल।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान तथा प्रसार भारती भारत सरकार की ओर से प्रशासन अकादमी उत्तराखंड के सहयोग से आपदा प्रबंधन व संचार विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला सोमवार से शुरु हो गयी है। मुख्य अतिथि प्रशासन अकादमी के निदेशक बी.पी.पांडेय समेत डा.उपेंद्र नाथ बोरा (सेवानिवृत आईएएस अधिकारी), विभागाध्यक्ष एनआईडीएम डा.सूर्य प्रकाश, कोर्स निदेशक डा.उमा शंकर सिंह, संयुक्त निदेशक डा.महेश कुमार समेत प्रमुख आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ डा.ओम प्रकाश,समन्वयक डा.मंजू पांडे समेत देशभर के आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे। अपने उद्घाटन भाषण में डा.पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड जैसे आपदा प्रभावित राज्य में इस विशेष कार्यशाला से न केवल उत्तराखंड को लाभ मिलेगा बल्कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों के भ्रमण तथा प्रभावित लोगों के अनुभवों के माध्यम से देश के अन्य लोग भी जागरुक होंगे।

## पेज एक का शेष

### नदी किनारे बसे सैकड़ों लोग...

...हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि वर्षो से काबिज लोग बेघर हो जाएंगे,क्योकि ज्यादातर लोग मेहनत मजदूरी कर जीविका चला रहे है। जिस कारण पिछले कई दिनों सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर होने का भय सता रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कल्याणी नदी की सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो जाएं,तो बहाव निरंतर चलता रहेगा और बेघर लोग के घर बच सकते है। उन्होंने डीएम से सैकड़ों नोटिस प्राप्त परिवारों को राहत देने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि प्रशासन ने गरीबों की ओर ध्यान नहीं दिया,तो आंदोलन किया जाएंगा। इस मौके पर पूर्व सभासद फुदेना साहनी,आनंद शर्मा,शिवपद सरकार,ललित सिंह बिष्ट ,मान सिंह,फुल कुमारी,जयपाल सिंह,समर बाला, राजकुमार, मंडल,रूपा बाला,परितोष कुमार आदि मौजूद रहे।

*डीएम लोगों से बोले इसी तरह विधायक को लेकर आते रहो और अतिक्रमण करते रहो।*

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## जिला व नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल ने समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के जिला व नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल ने जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय नैनीताल में जिलाधिकारी को जिले की समस्याओं के लिए ज्ञापन दिया।

जिसमें हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को आवाजाही करने वालों के लिए धरातलीय ट्रैफिक प्लान बनाने, शहरी क्षेत्रों में नहरों, नालियों और गलियों की समुचित सफाई के साथ ही मॉनिटरिंग कमेटी का गठन करने, वनों के दोहन के फलस्वरूप जंगली जानवरों का शहरी क्षेत्रों में आने से होने वाली जनहानि से बचाव के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने आदि मांगों पर शीघ्र उचित कार्यवाही करने और संगठन को अवगत कराने का अनुरोध किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल, पूर्व सांसद डॉ. महेन्द्र सिंह पाल, गोपाल सिंह बिष्ट, कमलेश तिवारी, डॉ. रमेश पांडे, डा.भावना भट्ट, सरस्वती खेतवाल, मनोज भट्ट रईसा चिश्ती, जीवन कार्की, जगमोहन सिंह चिलवाल, संजय सिंह बिष्ट, मुकेश जोशी, विमल चौधरी, राजेन्द्र व्यास, सचिन नेगी, धीरज बिष्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्य, शार्दुल नेगी, आयुष कुमार, कमल जोशी, दीपक मेहरा, कनक साह, त्रिभुवन फर्त्याल, प्रकाश पांडे, संदीप भैसोड़ा, सतनाम क्षतवाल आदि मौजूद रहे।



## कुमाऊं कमिश्नर से भवाली की समस्याओं को लेकर मिले

नैनीताल
हमारे संवाददाता

एक बार फिर भवाली की समस्याओं के संबंध में नगर स्थित चिल्ड्रन पार्क की बदहाली को लेकर कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत से मिले।

इस दौरान उत्तराखंड बेरोजगार संघ के नैनीताल विस अध्यक्ष पवन रावत व सचिव कबीर शाह जहां उन्होंने चिल्ड्रन पार्क की बदहाल स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया व चिल्ड्रेन पार्क की वीडियो व फुटेज भी आयुक्त को दिखाए। कहा कि भवाली मे चिल्ड्रन पार्क तो बना दिया गया परंतु उसके रखरखाव में पालिका विफ ल रही हैं जिसमे लगे सार्वजनिक जिम के उपकरण व कई झूले टूट चुके हैं तथा जगह जगह पूरे पार्क में रोड़े पत्थर और कई कंकर कांच के टुकड़े बिखरे हुए हैं व लम्बें समय से साफ सफाई न होने के कारण झाड़ियां बिच्छू और जंगली घास उग आई है।

बच्चों को चोट लगने का खतरा बना हुआ हैं और कई बच्चों को चोट लग भी चुकी हैं व इसकी एक ओर शिप्रा नदी की तरफ भी कोई रेलिंग व सुरक्षा दिवार नही हैं जिस कारण बच्चों के नदी मे गिरने का भी खतरा बना हुआ हैं जिस पर कुमाऊँ कमिश्नर ने भवाली नगरपालिका ईओ को 8 जुलाई को कार्यालय में चिल्ड्रेन पार्क के फ ोटोग्राफ के साथ उपस्थित होने के आदेश दिए इसके साथ ही कमिश्नर दीपक रावत ने भवाली खेल मैदान को लेकर भी जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाने को लेकर युवाओं को आश्वस्त किया।

# अभिमत



## राजनीति से ऊपर

*मंडल कमीशन की सिफारिश लागू होने के बाद बिहार में नेताओं के वारे-न्यारे हो गये, लेकिन बिहार के लाखों लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को बाध्य हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी किये गये, जबकि केन्द्र सरकार विरोध कर रही थी। जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियां समाज, राज्य व राष्ट्र हित को छोड़कर सिर्फ और सिर्फ अपने परिवार को राजनीति में कायम रखना चाहती हैं। केन्द्र सरकार सियासी नफा-नुकसान को अलग रखकर जाति आधारित आरक्षण को खत्म कर दे। आर्थिक रूप से कमजोर हर जाति के युवाओं को शिक्षण संस्थानों और नौकरी में आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिए। जाति के आधार पर चुनाव में टिकट देने की परम्परा भी खत्म होनी चाहिए।*

आरक्षण की सीमा बढ़ाने के खिलाफ पटना हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ के मामले में 50 प्रतिशत की अधिकतम आरक्षण सीमा तय की गई थी। इस फैसले को कायम रखते हुए देश के विभिन्न न्यायालयों ने अनेक बार राज्य सरकारों के आरक्षण की सीमा बढ़ाने के आदेशों को खारिज किया है। पटना हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किये जाने की बिहार सरकार की अधिसूचना को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि अदालत दृढ़ है कि कुल आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षण का मुद्दा चुनाव में कारगर साबित नहीं हो रहा है, इसके बावजूद राजनीतिक स्वार्थ के लिए पार्टियां आरक्षण को चुनाव के दौरान उछालकर वोट बटोरना चाहती हैं। जाति आधारित आरक्षण से समाज में वैमनस्य और असमानता बढ़ रही है। सामान्य वर्ग के युवाओं को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश नहीं मिलता और आरक्षित जातियों के अयोग्य युवा प्रवेश पाकर योग्य बनना नहीं चाहते हैं, उनका मानना है कि प्राप्तांक कम होने पर भी आरक्षण कोटे से उन्हें नौकरी मिल जायेगी। सामान्य वर्ग के युवा को शिक्षा पाने में पीछे धकेला जाता है, यदि कठोर परिश्रम से वह शिक्षित हो जाता है तो बाद में उसे रोजगार से वंचित किया जाता है। हर स्तर पर अन्याय के कारण सामान्य वर्ग के योग्य युवा कुंठाग्रस्त हो रहे हैं। आरक्षित जातियों में कुछ परिवारों की कई पीढ़ियों को आरक्षण मिलने से क्रीमीलेयर का एक सम्पन्न वर्ग समाज में है। आरक्षित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पहले की भांति ही समाज की मुख्य धारा से कटा हुआ है। मंडल कमीशन की सिफारिश लागू होने के बाद बिहार में नेताओं के वारे-न्यारे हो गये, लेकिन बिहार के लाखों लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को बाध्य हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी किये गये, जबकि केन्द्र सरकार विरोध कर रही थी। जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियां समाज, राज्य व राष्ट्र हित को छोड़कर सिर्फ और सिर्फ अपने परिवार को राजनीति में कायम रखना चाहती हैं। केन्द्र सरकार सियासी नफा-नुकसान को अलग रखकर जाति आधारित आरक्षण को खत्म कर दे। आर्थिक रूप से कमजोर हर जाति के युवाओं को शिक्षण संस्थानों और नौकरी में आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिए। जाति के आधार पर चुनाव में टिकट देने की परम्परा भी खत्म होनी चाहिए। दरअसल धर्म व जाति का भेदभाव करके समाज में जहर राजनीतिज्ञ घोल रहे हैं।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाहकार समिति की बैठक

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**आयोजित**

- मौसम विभाग के मुताबिक अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे

उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रूहेला की अध्यक्षता में उत्तराखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में उपाध्यक्ष में कहा कि वर्षा काल प्रारम्भ हो गया है सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। उन्होने कहा कि मौसम विज्ञान के पूर्वानुमान की सूचना नियमित दी जा रही है अधिकारी संज्ञान लेते हुये कार्य करें। आने वाले दिनों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान है आईआरएस (इंस्टैन्ट रिस्पोन्स सिस्टम) व नोडल को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है।सड़क बन्द होने पर त्वरित गति से कार्य करते हुये कम से कम समय में यातायात सुचारू किया जाये। उपाध्यक्ष ने कहा नदियों में जलस्तर बढ़ने पर पैनी नजर रखे व अलार्म सिस्टम चालू रखे। उन्होंने नदियों के जलस्तर बढ़ने अथवा बाढ़ स्थिति से पूर्व नदी किनारे बसे लोगों को विस्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होने कहा सभी जिला आपदा कन्ट्रोल रूम राज्य आपदा कन्ट्रोल रूम से जुड़े है आपदा सूचनाएं त्वरित दे ताकि ससमय सहयोग दिया जा सकें। उन्होंने जनपद में उपलब्ध संचाधनों को चिन्हित कर ले तथा स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, खाद्य, सड़क महकमों को तैयारियां रखने के निर्देश दिये। अपर सचिव आपदा आंनद स्वरूप ने खाद्य आपूर्ति अधिकारियों को फूड पैकिट बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने आपदा न्यूनीकरण की जानकारियां ली। वर्चुअल बैठक में एडीएम अशोक कुमार जोशी ने बताया कि जनपद मुख्यालय व तहसील स्तर पर आपदा कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है तथा कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि 29 बाढ़ चौकियां व 8 बाढ़ नियंत्रण केन्द्र संचालित है जिनमे कार्मिकों की भी तैनाती की गयी हैं। सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश पूर्व में ही जारी कर दिये गये है।

बाढ़, आपदा, जल भराव संभावित क्षेत्र चिन्हित किये गये है साथ ही विस्थापन व आश्रय हेतु स्थान/विद्यालय चिन्हित किये गये है। नदी, नालो की सफाई कर दी गयी है। कुछ पर कार्य जारी है तथा 10 नदियों व जलाशयों की भी डिसिल्टिंग कार्य कर दिये गये है तथा 32 आपद न्यूनीकरण कार्य भी किये गये है। जनपद में जल भराव की दृष्टि से 52 संवेदनशील व 72 अतिसंवेदनशील स्थान चिन्हित है।

जेसीबी की तैनाती कर दी गयी है व उनमे जीपीएस भी लगाये गये है साथ ही उपलब्ध आपदा उकरणों की टेस्टिंग (संचालित जांच) की गयी है। चिकित्सा विभाग द्वारा आपदा व डेंगू से निपटने के लिये तैयारियां की है ताथा पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध है चिकित्सालयों में डेंगू वार्ड बनाये गये है। बैठक में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एसीएमओ डॉ राजेश कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला युवा कल्याण बीएस रावत,ईई सिंचाई पीसी पाण्डे, जल निगम ज्योति पालनी, विद्युत विजय सकारिया, लोनिवि ओपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसबी पाण्डे, सीएफओ इशान कटारियां आदि मौजूद थे।

## मूसलाधार बारिश से निर्माणाधीन कलवर्ट का पानी घरों में घुसा

**नैनीताल ।** जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र में बीती रात्रि हुई मूसलाधार बारिश में निरीक्षण भवन मार्ग में नव निर्माणाधीन कलवर्ट का पानी और बड़ी मात्रा में मिट्टी ईमल्डा जोन तथा बबलू जोन आदि के आवासों में जा घुसा जिससे रात भर परिजन डरे सहमे बचाव के उपाय में लगे रहे।

सोमवार की सुबह प्रभावित लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा उनके आवास के पास नए कलवर्ट का निर्माण किया जा रहा है, कलवर्ट निर्माण के वक्त ही स्थानीय लोगों ने भविष्य के संभावित खतरे को देखते हुए कलवर्ट निर्माण ना करने का कहा लेकिन विभाग ने उनकी नहीं सुनी।

प्रभावितों ने बताया कि रात्रि में कमरे में एक से डेढ़ फीट पानी और मिट्टी भरने से बिस्तर सहित अन्य सामान चपेट में आकर बर्बाद हो गया। लोगों ने बताया कि यदि पानी का बहाव जारी रहा तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## स्काउट-गाइड को सौंपा एजुकेटर प्रशिक्षण का दायित्व

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के मौके पर सोमवार को शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की पायलट परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले ने एक अनूठी पहल करते हुए पीर एजुकेटर के रूप में अपने समकक्ष विद्यार्थियों के प्रशिक्षण का दायित्व स्काउट गाइड को सौंपते हुए पी एम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज हल्दूचौड़ में पहले मॉड्यूल का अभिमुखीकरण संपन्न किया।


बता दें कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात विद्यालय खुलते ही सीबीएससी के युवा टूरिस्म क्लब एवं स्कूल इन्नोवेशन काउंसिल की पहल पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का स्वागत समारोह एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान नव आगत जीव विज्ञान प्रवक्ता अनिल राणा एवं अँग्रेजी की अध्यापिका पुष्पा तथा गाइडेंस एंड काउंसिलिंग प्रकोष्ठ प्रभारी भुवन मठपाल तथा रेडक्रास क्लब के संरक्षक के रूप मे प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर का बुके प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नैनीताल जनपद के मास्टर ट्रेनर एवं हेल्थ एम्बेसडर डॉ. हिमांशु पांडे ने प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए बताया कि देश की सबसे बड़ी शैक्षिक संस्था एनसीईआरटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 11 मॉड्यूल का एक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसे विद्यालय के माध्यम से सभी बच्चों तक पहुंचाया जाना है।

इसके लिए जनपद स्तर पर मुख्य सन्दर्भ दाताओं को प्रशिक्षित कर दिया गया है एवं जल्दी ही विकास खण्ड वार शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इनोवेटिव स्काउट एवं गाइड ग्रुप की पहल पर विद्यार्थियो को पहले मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अनिल राणा, भुवन मठपाल, डॉ. शचीन्द्र पाठक, डॉ. हिमांशु पांडे एवं प्रदीप कार्की सहित सरस्वती ब्रजवाल, सीमा जोशी, शांति, गिरीश शर्मा, राजेश पांडे तथा स्काउट प्रभारी जगदीश चंद्र पांडे द्वारा योगदान दिया गया जबकि पीर एजुकेटर के रूप में रोवर हर्षित रावत एवं ललित, रेंजर की भूमिका गाइड सुहानी एवं स्काउट मंगलम कोरंगा एवं सूर्यासं द्वारा प्रशिक्षण को सफल बनने में योगदान दिया। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों के योगदान को रेखांकित करते हुए बच्चों से मेडिकल क्षेत्र के विभिन्न आयामों की भी जानकारी दी गई।

# फिल्मी दुनिया

## जूही ने बताया शाहरुख खान ने क्यों बोला था क..क..क..किरण





*जूही चावला और शाहरुख खान ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों की जोड़ी को लोग खूब पसंद किया करते थे। साथ में काम करने की वजह से दोनों एक-दूसरे के बारे में काफी कुछ जानते हैं। इसका एक ताजा उदाहरण हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में देखने को मिला, जिसमें जूही ने डर फिल्म से जुड़ा शाहरुख खान का एक किस्सा साझा किया। डर फिल्म में जूही चावला और शाहरुख खान ने काम किया था। इस फिल्म में शाहरुख निगेटिव किरदार में नजर आए थे। फिल्म में उनका क..क...क..किरण कहने का अंदाज काफी मशहूर हुआ था। इतना कि शाहरुख खान की मिमिक्री करने वाले लोग इसे जरूर कॉपी करते थे। गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में बातचीत के दौरान जूही चावला ने शाहरुख खान के डायलॉग बोलने के इस तरीके को लेकर एक खुलासा किया। जूही ने बताया कि शाहरुख ने 'आई लव यू क...क..क..किरण' वाला डायलॉग कैसे बोला था। जूही चावला ने कहा कि फिल्म के निर्देशक यश चोपड़ा थोड़ा सा हकलाकर बात करते थे। जूही ने तो इस ओर ध्यान नहीं दिया था, लेकिन शाहरुख ने यह बात पकड़ ली थी और उन्होंने हकलाते हुए डायलॉग बोलना तय किया था। बता दें कि जब फिल्म में दर्शकों ने शाहरुख का डायलॉग सुना तो वो उनकी जुबान पर चढ़ गया था।*

### 1993 में रिलीज हुई थी

*यश राज फिल्म्स के बैनर तली बनी डर फिल्म ने शाहरुख खान को एंटी-हीरो के तौर पर स्थापित किया था। इस फिल्म में सनी देओल ने भी अभिनय किया था। फिल्म 24 दिसंबर, 1993 को रिलीज हुई थी। इसके गाने जादू तेरी नजर, लिखा है ये, तू मेरे सामने और अंग से अंग लगाना काफी हिट हुए थे।*

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह को दिया ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन दिया।

इस दौरान बीजेपी नगर मण्डल द्वारा डीएम वंदना सिंह को अवगत कराया कि डीएसए मैदान में सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर जनता की मांग को देखते हुए मंडल द्वारा मैदान में दो अतिरिक्त स्लाइडिंग प्रवेश द्वार जिसमें से एक गुरुद्वारे के समीप व दूसरा कैपिटल सिनेमा हाल के सामने बनाने के लिए व नगर पालिका कार्यालय के समीप बैठने की रेलिंग को पुराने स्वरूप में ही नवनिर्माण के लिए अनुरोध किया। जिसपर तत्काल जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए। शहर में जगह जगह सीवर लीकेज को लेकर जिलाधिकारी ने गंभीर रुख अपनाते हुए सिवर लाइनों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभाग को डीपीआर बनाने के लिए निर्देशित किया। पर्यटक सीजन के दौरान नगर में ट्रैफिक एवं वाहन पार्किंग की समस्या पर जिलाधिकारी ने नगर मंडल भाजपा द्वारा जनता एवं पर्यटकों को इस कारण हो रही असुविधाओं के निराकरण के लिए नए पार्किंग स्थल के निर्माण व ट्रैफिक व्यवस्था के नए पथ के लिए जनता से अपने सुझाव मांगे। मार्गो के निर्माण व चौराहों के चौड़ीकरण की ओर ध्यान आकर्षित किए जाने पर जिलाधिकारी ने इन कार्य को शीघ्रता से व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट,सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत,महामंत्री मोहित लाल शाह, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत,उपाध्यक्ष लाल सिंह बिष्ट,अरविंद पडियार समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

# ट्रांजिट कैंप में कूड़े वाले वाहन नहीं आने पर व्यापार मंडल का प्रदर्शन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पिछले कई दिनों से कूड़े वाले वाहन नहीं आने पर रुद्रपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर हंगामा किया। इस दौरान मौके पर पहुंचे नगर निगम से उप नगर आयुक्त का घेराव किया। बिगड़ती सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। मंगलवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा,महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित ट्रांजिट कैंप के दुकानदार चामुंडा मंदिर के सामने इकट्ठा हुए और हंगामा काटते हुए प्रदर्शन किया। हंगामा की सूचना पर मौके पर नगर निगम की उप नगर आयुक्त राजू नबियाल भी टीम के साथ पहुंचे। व्यापारियों ने घेराव करते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से ट्रांजिट कैंप में कूड़ा एकत्र करने का वाहन नहीं आ रहा है। उन्होंने आगाह किया कि यदि मंदिर के सामने कूड़ा इकट्ठा नहीं होने,कूड़ा एकत्र करने का वाहन प्रतिदिन आने और इलाके में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हु ई। तो व्यापारी आंदोलन करेंगे। इस मौके पर लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल,सुरेंद्र गुप्ता,विशाल गुप्ता ,राकेश अधिकारी, सचिन सक्सेना,राजकुमार सिंह,मिस्त्री लाल, जितेंद्र राठौर, वीरपाल सिंह, कमल सोनकर,राजू सक्सेना धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# हरेला महोत्सव को लेकर लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल सरोवर नगरी में लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान सचिव दीपा पांडे ने बताया इस बार क्लब द्वारा 20व 21 जुलाई को सी आर एस टी इंटर कॉलेज नैनीताल में विगत वर्ष की भांति इस बार भी हरेला महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 7 जुलाई को होटल पवेलियन में हरला बुवाई से इसकी शुरुआत की जाएगी। हरियाली दिवस के रूप में 14 जुलाई को गेठिया में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा ।कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रगति जैन को संयोजक बनाया गया है। दीपा पांडे ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक दलों के रूप में अल्मोड़ा, देहरादून, चमोली, तथा पंजाब, राजस्थान की टीम में आमंत्रित की गई है साथ ही स्थानीय महिलाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा 20 जुलाई को शोभायात्रा निकाली जाएगी, कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमा भट्ट ,मीनू बुधलाकोटी , जीवंती भट्ट, सीमा सेठ ,कंचन जोशी, रमा भट्ट,कविता त्रिपाठी, विनीता पांडे, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, रानी शाह, मीनाक्षी कीर्ति ,कविता गंगोला, तनु सिंह,जया वर्मा, पल्लवी गहतोड़ी, मधुमिता, रमा तिवारी, रेखा पंत, विनीता रावत, सरिता त्रिपाठी, खष्ठी बिष्ट, तुसी साह, लीला राज सहित अन्य सदस्यों द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

## News कॉर्नर

### कर विभाग के कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**अल्मोड़ा।** राज्य कर अधिकारी के पदों में कटौती के विरोध में कर विभाग के कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार करते हुए राज्य कर भवन में धरना दिया। उनके कार्य बहिष्कार से कामकाज प्रभावित रहा। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान संगठन के शाखा अध्यक्ष भुवन बिनवाल ने बताया कि राज्य कर अधिकारी के 50 फीसदी पदों पर तृतीय श्रेणी के कार्मिकों की लंबी सेवा के बाद पदोन्नति होती है। वर्तमान में राज्य कर अधिकारी के 234 पद थे, जिसमें से 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती एवं 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाने की व्यवस्था थी। पदों पर कटौती होने से कर्मचारियों के लिए पदोन्नति के अवसर खत्म हो जाएंगे। वहां पर त्रिलोचन आर्या, मोनिका भाकुनी, वीरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, मीनू खोलिया, पर्पेंद्र सिंह आदि थे।

# लामचौड़ में खुली जिले की पहली दर्शक ग्राम दुकान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को लोकल स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पहली ग्राम दुकान आवंटित की गई है। नाबार्ड की ओर से यह दुकान गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था के रचिता स्वयं सहायता समूह लामाचौड़ को मिली है।

स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रभावी ढंग से बाजार में लाने में सहायता करने की दिशा में एक पहल के रुप में दर्शक ग्राम दुकान का आवंटन किया गया है। दर्शक ग्राम दुकान का प्रबंधन लामाचौड़ में स्वयं सहायता समूह करेगा। दर्शक ग्राम दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक देहरादून विनोद कुमार बिष्ट ने किया। इस मौके पर नाबार्ड के अधिकारी देवाशीष



लटवाल, जिला नैनीताल नाबार्ड के डीडीएम मुकेश बेलवाल, ग्राम प्रधान कमल पड़लिया ने महिलाओं की ओर से तैयार किये गये उत्पादों को देखा। इस दौरान नाबार्ड के डीडीएम बेलवाल ने दर्शक ग्राम दुकान को बेहतर विकल्प बताते हुए कहा कि यह लोकल स्तर पर महिलाओं की आय में बढ़ाने में कारगर कदम होगा। संस्था की अध्यक्ष गीता सत्यवली ने नाबार्ड का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम दुकान को सफल माडल बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रचिता समूह की अध्यक्ष पुष्पा बिष्ट, रचिता, हर्षिता कुरिया, चंदन सिंह, रेखा कैड़ा, बसंती नेगी आदि मौजूद थीं।

**पहल**

- नाबार्ड से आवंटित दुकान रचिता स्वयं सहायता को मिली

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं/गढ़वाल विकास निगम कर्मचारियों का तीन को प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि दोनों निगमों के कर्मचारी 3 जुलाई (बुधवार) से निगम मुख्यालय देहरादून व निगम मुख्यालय नैनीताल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि निगमों के कर्मचारियों ने चार धाम यात्रा व आदि कैलाश यात्रा दिन-रात मेहनत कर सफलतापूर्वक संचालन किया व निगम को लाभप्रद स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि निगम में विगत कई वर्षो से कर्मचारी संविदा तथा दैनिक वेतन व समान कार्य का समान वेतन के तहत कार्य कर रहे हैं। शासन स्तर पर कई बार समझौता हुआ जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा भी नियमितिकरण में लगी रोक हटा दी गई है। सरकार द्वारा भी कैबिनेट में नियमितिकरण संबंधी प्रस्ताव पारित कर दिया गया है लेकिन अभी तक कार्मिक विभाग से नियमितीकरण संबंधी नियमावली नहीं निकली है। कहा कि कई कर्मचारी संविदा में ही सेवानिवृत हो गए हैं जिन्हें नियमितीकरण का लाभ नहीं मिल पाया। निगम के कर्मचारी सरकार के हर कार्य में अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी अब आंदोलन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए नियमितिकरण हेतु दवाब बनाएंगे। कहा कि वर्तमान समय में दोनों निगम में 1000 से ज्यादा कर्मचारी संविदा, दैनिक वेतन व समान कार्य के समान वेतन में कार्यरत हैं, निगम की सभी इकाइयों का संचालन ज्यादातर इन्हीं कर्मचारियों से संचालित होता है। दूसरी ओर आंदोलन को सफल बनाने के लिए महामंत्री विजय पुरोहित कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल व संजय भट्ट समेत कंचन चंदोला, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, रमेश कपकोटी, अनिल जोशियाल, सुरेश पवार, जयपाल बिष्ट सहित पदाधिकारी कर्मचारी से संपर्क कर रहे हैं।

# वन कर्मचारी व वन बीट अधिकारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत की संयुक्त सभा आयोजित




नैनीताल

हमारे संवाददाता

सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत तथा वन बीट अधिकारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत की संयुक्त सभा का आयोजन सोमवार को भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के संघ भवन में किया गया।

सभा में कर्मचारियों को फायर सीजन में अत्याधुनिक सुविधाएं दिए जाने समेत टैण्डर प्रकिया द्वारा विभागीय कार्य कराये जाने व वन दारोगाओं को अनुभाग का चार्ज देने के संबंध में,10 व 20 तथा 30 वर्ष की सेवा के उपरांत समय से एसीपी का लाभ देने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में सभी कर्मचारियों द्वारा वर्तमान विभागीय कार्यप्रणाली की गुणवत्ता पर रोष व्यक्त किया गया तथा कार्य की गुणवत्ता हेतु कार्यो को टेंडर द्वारा कराए जाने की मांग पुरजोर से की गई। बैठक में सभी समस्याओं के निराकरण हेतु समिति बनाकर उच्चाधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निराकरण हेतु पत्र प्रेषित किए जाने की सहमति बनाई गई। बैठक में सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत के अध्यक्ष चन्द्र शेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा समेत भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के अध्यक्ष जीवन कांडपाल, मंत्री गोविंद राम, भूमि संरक्षण वन प्रभाग रानीखेत के अध्यक्ष हेम चन्द्र कांडपाल, मंत्री राजन, वन बीट अधिकारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत के अध्यक्ष अतुल भगत तथा नन्दा प्रसाद समेत सहायक वन कर्मचारी संघ के विमला राठौर, संतोष जोशी, सुनील टम्टा, राजेन्द्र करायत, सुरेश जोशी, देवेंद्र बिष्ट तथा हरीश चंद्र आदि उपस्थित थे।

### सोमेश्वर थाने में नए कानूनों की जानकारी दी

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर थाने में थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। थानाध्यक्ष ने टैक्सी यूनियन, व्यापार मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी। वहीं, ताकुला चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने चौकी में क्षेत्र के लोगों को नए कानूनों के बारे में बताया। वहां पर एसआई मोनी टम्टा, व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बोरा, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष चंदन वर्मा, डॉ. देवेंद्र जोशी, कैलाश जोशी आदि थे।

# सिडकुल पुलिस व साइबर थाना कुमाऊं ने लोगों को दी नए कानून की जानकारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



एक जुलाई से देश में लागू होने वाले नये कानूनों की जानकारी के लिए साइबर थाना कुमाऊं और सिडकुल पुलिस ने कंपनियों में गोष्ठी आयोजित कर कानून की जानकारी दी। इस दौरान साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं में महिला एसआई वंदना चौधरी थाने में आने वाले पीड़ित एवं मीडिया कर्मियों को जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को नये कानूनों के फायदे व घर बैठे ई-एफआईआर करने की जानकारी दी। इसके अलावा तीनों नये कानून की जानकारी सितारगंज में एसआई विनोद जोशी ने नये कानून के सम्बन्ध में जन जागरूकता शिविर अभियान चलाया। उधर सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने सिडकुल की कंपनी में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में जानकारी दी। नये कानूनों मे हुये बदलाव से सभी को रुबरु करवाया। घर बैठे ई-एफआईआर दर्ज करने की व्यवस्था, नए कानून में मोब लिंचिंग करने पर क्या प्रावधान है, एवं नए कानून में जोड़े गए नए प्रावधान एवं हटाए गए पुराने प्रावधान हेतु सभी को जागरुक किया गया।

# शुक्ला का बेहड़ पर फर्जी तरीके से व्यापार मंडल पर कब्जा करने का आरोप

किच्छा

हमारे संवाददाता

उद्योग व्यापार मंडल किच्छा के कथित चुनाव में व्यापार मंडल के निवर्तमान पदाधिकारीयो एवं शहर के व्यापारियों का चुनाव समिति एवं सदस्य बनाने की प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करना व क्षेत्रीय विधायक ने अपने समधी को चुनाव समिति का संयोजक बनवाकर फर्जी तरीके से व्यापार मंडल पर कब्जा करने का आरोप गंभीर है।

व्यापारियों के आरोप को प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदार लोगों को संज्ञान में लेना चाहिए। साथ ही निष्पक्ष रूप से वास्तविक व्यापारियों की सदस्यता की जानी चाहिए। प्रशासन को भी व्यापारियों के विवाद का संज्ञान लेना चाहिए ताकि कोई बड़ा



विवाद न हो।

सोमवार को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं 10 वर्ष इस क्षेत्र से विधायक रहा मैने कभी भी व्यापार मंडल के चुनाव में हस्तक्षेप नहीं किया। लेकिन आज जिस तरह से विधायक अपने समधी को चुनाव समिति का संयोजक बनाकर 2000 से अधिक अपात्र लोगों को सदस्य बनवाकर इस व्यापार मंडल पर कब्जा करना चाह रहे हैं। इससे व्यापार मंडल कमजोर होगा। व्यापारी एकता छिन्न-भिन्न हो जाएगी तथा व्यापारियों की एकता कमजोर होने से आवाज कमजोर होगी।

उन्होंने कहा कि व्यापारी निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव हेतु व्यापार मंडल के जिला व प्रदेश संगठन और जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। नए सदस्यों की सूची के परीक्षण की मांग कर रहे हैं लेकिन विधायक की शह पर चुनाव अधिकारी मनमानी कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ने विधायक बेहड पर आरोप लगाया कि इससे पहले उन्होंने रुद्रपुर के व्यापार मंडल में भी गलत हस्तक्षेप कर मनमानी करने का प्रयास किया था। जिससे रुद्रपुर व्यापार मंडल दो टुकड़ों में बट गया। इसी तरह अन्य सामाजिक संगठनों में भी विधायक के हस्तक्षेप के कारण उनका बंटवारा हुआ। उन्होंने विधायक से अनुरोध किया कि वह व्यापार मंडल की निष्पक्षता व एकता को भंग न करें। अपना हस्तक्षेप खत्म करें तथा व्यापारियों को अपना संगठन खुद चलाने दें।